भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.08.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2576 का उत्तर

तेलंगाना में नई रेल पटरियां

2576. श्री माधवनेनी रघुनंदन राव:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने तेलंगाना में नई रेल पटरियों की आवश्यकता के संबंध में किन्हीं बाधाओं की पहचान की है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

तेलंगाना में नई रेल पटरियों के संबंध में दिनांक 07.08.2024 को लोक सभा में श्री माधवनेनी रघुनंदन राव के अतारांकित प्रश्न सं. 2576 के भाग (क) और (ख) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) और (ख): रेल परियोजनाएं क्षेत्रीय रेल-वार सर्वेक्षण/स्वीकृत/निष्पादित की जाती है न कि राज्य-वार क्योंकि रेल परियोजनाएं राज्यों की सीमाओं के आर-पार फैली हो सकती हैं।

राज्य सरकारों, केन्द्र सरकार के मंत्रालयों, संसद सदस्यों, अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई मांगों और रेलवे की अपनी आवश्यकताओं के आधार पर नई लाइन परियोजनाओं पर विचार किया जाता है। रेल परियोजनाओं को लाभप्रदता, अंतिम छोर तक संपर्कता, मिसिंग लिंक और वैकल्पिक मार्गों, संकुलित/संतृप्त लाइनों के संवर्धन, सामाजिक-आर्थिक दृष्टिकोणों आदि के आधार पर शुरू किया जाता है जो चालू परियोजनाओं के बकाए कार्य, धन की समग्र उपलब्धता और प्रतिस्पर्धी मांगों पर निर्भर करता है।

दिनांक 01.04.2024 की स्थिति के अनुसार, तेलंगाना राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली 2,298 किलोमीटर कुल लंबाई की 32,946 करोड़ रुपए की लागत वाली कुल 20 परियोजनाएं योजना/अनुमोदन/निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। इनमें शामिल हैं:-

16,935 करोड़ रुपए की लागत वाली 997 किलोमीटर कुल लंबाई की 07 नई लाइन परियोजनाएं, जिनमें से 245 किलोमीटर लंबाई को कमीशन कर दिया गया है और मार्च, 2024 तक 4,433 करोड़ रुपए का व्यय किया जा चुका है।

16,010 करोड़ रुपए की लागत वाली 1,301 किलोमीटर कुल लंबाई की 13 दोहरीकरण परियोजनाएं, जिनमें से 230 किलोमीटर लंबाई को कमीशन कर दिया गया है और मार्च, 2024 तक 5,526 करोड़ रुपए का व्यय किया जा चुका है।

भारतीय रेल में परियोजनाओं हेतु निधि आबंटन और उसके तद्नुरूपी कमीशनिंग में पर्याप्त वृद्धि हुई है। तेलंगाना राज्य में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाली अवसंरचना परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों के लिए बजट आबंटन निम्नानुसार है:-

वर्ष	बजट परिव्यय
2023-2024	4,418 करोड़ रुपए
2024-2025	5,336 करोड़ रुपए

तेलंगाना राज्य में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाले अवसंरचनात्मक परियोजनाओं को निम्नानुसार कमीशन किया गया है :-

अवधि	कमीशन की गई कुल लंबाई	कमीशन की गई कुल औसत लंबाई	2009-14 के दौरान औसत कमीशन की तुलना में वृद्धि
2009-14	87 किमी.	17.4 किलोमीटर/वर्ष	-
2014-24	650 किमी.	65 किलोमीटर/वर्ष	3.7 गुना से अधिक

******